**Prof. SHASHI SAHAY**
**Dean, Student's Welfare and International Students' Advisor**

☏: (O) +91141-2710497
(M) +919414073304
E-mail: adswuniraj@gmail.com
University of Rajasthan, Jaipur
J.L.N. Marg, Jaipur-302004, Rajasthan, India

**क्रमांकः डी.एस.डब्ल्यू./2015/13166-13210** **दिनांकः 14/12/2015**

समस्त विभागाध्यक्ष, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
समस्त प्राचार्य, संघटक महाविद्यालय, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
समस्त मानद निदेशक, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।

विषयः- डी.एस.डब्ल्यू. द्वारा बनेंगे सी.आर.सी. (CRC's) Civic Responsibility Clubs

महोदय/महोदया,

निवेदन है कि **माननीय कुलपति महोदय श्री** जे.पी. **सिंघल जी** ने इस वर्ष नवीन निर्वाचित छात्रसंघ पदाधिकारियों (रूसू, संघटक महाविद्यालयों, विभागों एवं शोध छात्रों के निर्वाचित प्रतिनिधि) को विश्वविद्यालय में सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने के लिए **CRC's** (Civic Responsibility Clubs) बनाने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि **माननीय कल्याण सिंह जी, कुलाधिपति, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर** ने विश्वविद्यालय को निर्देशित भी किया है कि वह गोद लिए गाँवों में विद्यार्थियों के सहयोग से आदर्श गाँव बनाने की योजना को सफल बनायें।

इसी क्रम में माननीय कुलपति महोदय द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि प्रत्येक निर्वाचित छात्र प्रतिनिधि एक CRC गठित करेगा जिसमें वह अपने साथ समाज सेवा में इच्छुक रहने वाले 15-20 विद्यार्थियों को इसका सदस्य बनायेगा। प्रत्येक CRC न्यूनतम 30 घण्टे समाज से जुड़े हुए विभिन्न विषय जिसमें स्वेच्छिक रक्तदान, बेटी पढ़ाओं बेटी बचाओं, पर्यावरण संरक्षण, मेडिकल एवं हैल्थ संबंधित जानकारी, नशामुक्ति इत्यादि विषयों पर कार्य करेंगे। साथ ही यह CRC राजस्थान विश्वविद्यालय के गोद लिए बगरिया गाँव में अपनी सेवाएँ देंगे एवं केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी समाज तक पहुंचाएंगे। इन CRC's के माध्यम से विश्वविद्यालय के विद्यार्थी गाँव से जुड़ेंगे एवं विश्वविद्यालय को भी गाँवों से सक्रियता से जोड़ेंगे।

प्रत्येक CRC 31 मार्च तक अपने द्वारा किए गए कार्यो की एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करके डी.एस. डब्ल्यू कार्यालय में प्रेषित करेगा एवं पाँच वरिष्ठ प्रोफेसर की एक टीम प्रत्येक CRC द्वारा किए गए कार्य एवं रिपोर्ट के आधार पर बेस्ट CRC का चयन करेगी, जिसको 15 अगस्त को सम्मानित भी किया जाएगा। विश्वविद्यालय द्वारा यह प्रयास इसलिए किया जा रहा है ताकि विश्वविद्यालय के निर्वाचित पदाधिकारी सामाजिक विषयों पर सकारात्मक भूमिका निभायें। **इस वर्ष CRC's द्वारा सामाजिक कार्यो की थीम बनाई गई है "समावेशी विकासः युवा आओ चले साथ-साथ"** जिसके अन्तर्गत **गतिविधियाँ आयोजित की जायेंगी।**

**अतः CRC's का गठन करने की सूचना** आपके **विभाग/महाविद्यालय/केन्द्र के प्रत्येक निर्वाचित विद्यार्थी प्रतिनिधि को दें। CRC की सदस्यता के लिए** फॉर्म की एक प्रतिलिपि संलग्न है **जिसे 18 दिसम्बर सभी चयनित विद्यार्थी प्रतिनिधि सम्बन्धित विभागाध्यक्ष/प्राचार्य/**निदेशक **से अग्रेषित करवाकर डी.एस.डब्ल्यू. कार्यालय में जमा करायें ताकि CRC's का 21 दिसम्बर, 2015** को **प्रातः 11:30 बजे माननीय कुलपति महोदय द्वारा विधिवत उद्घाटन किया जा सके।**

**विभाग/महाविद्यालय/केन्द्र में सभी चुने हुये** निर्वाचित **विद्यार्थी प्रतिनिधियों को इसकी जानकारी व फॉर्म दे दें।**

सादर।

**प्रो. शशि सहाय**
अधिष्ठाता, छात्र कल्याण

## MEMBERSHIP FORM

# DSW CRC (Civic Responsibility Club)

Name: ______________________________

Father's Name: ______________________________

Age: ______________________________

Address: ______________________________

______________________________

Contact No.: ______________________________

E-mail ID: ______________________________

Student of Course: ______________________________

College/Deptt. ______________________________

Area of Interest ______________________________

for Social Work: ______________________________

Group Leader of CRC: President/Vice-President/General Secretary/Joint Secretary
(Please tick mark)

Forwarded by:

**Head/Principal/Director**
**With seal**

Group Leader

______________________________